सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
भाद्र 22, शनिवार, *शाके* 1947- सितम्बर 13, 2025 Bhadra 22, Saturday, Saka 1947- September 13, 2025	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/17601:-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर सवाई माधोपुर द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका वजीरपुर हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका वजीरपुर सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष -2025</u>

वार्ड सं.	विवरण	जनसंख्या
1	मंडेरू बालाजी रोड से दक्षिण की ओर शाला तलाई को शामिल करते हुए शिवजी मंदिर व संस्कृत स्कूल को छोड़ते हुए आगे चलकर हरिराम व जीतू सैनी के मकान को शामिल करके गिर्राज माली के मकान को छोड़ते हुए बल्लू वाली गली व थानसिंह के मकान को शामिल करते हुए प्रताप सिंह जाट व ज्ञान सिंह के मकान को शामिल करते अशोक जाट, रामेश्वर जाट व पानी की टंकी को छोड़ते हुए महादेव जाट के मकान से बायीं तरफ मुड़ते हुए भरोसी कोली के मकान को छोड़ते हुए जगदीश व भगत सिंह के मकान को शामिल करते हुए भरोसी, गोपाल सैनी के मकान को छोड़कर आरा मशीन को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में घूमकर गोपाल माली के मकान को छोड़कर उत्तर दिशा की ओर घूम कर नगर पालिका की सीमा पर पहुँच कर दक्षिण दिशा की	712

	तरफ घूमते हुए नगर पालिका सीमा से बायीं तरफ घूमकर प्रारंभिक स्थान शाला तलाई पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 01 कहलायेगा ।	
2	शाला तलाई से मंडेरू वाले बालाजी के रास्ते-रास्ते नगरपालिका सीमा पहुँच कर बायीं तरफ दक्षिण दिशा की ओर शीतला माता रोड वाली दोनों तरफ की आबादी को शामिल करते हुए जालिम जाट व शिव लहरी के मकान को शामिल करके कल्ला जाट व साफसिंह जाट के मकान को छोड़ते हुए आगे चलकर कुबेर जाट के मकान को शामिल करके भारती स्कूल व नाई समाज के मंदिर को छोड़कर श्याम नाई के मकान को लेते हुए बायीं तरफ उत्तर दिशा की तरफ घूमकर राकेश जाट के मकान को शामिल करके जगदीश जाट के मकान को छोड़कर बायीं तरफ दक्षिण दिशा की ओर मुड़कर श्री जाट का मकान को शामिल करते हुए व महादेव एवम रामस्वरूप सुखाड़िया जाट के मकान को छोड़कर अशोक जाट के मकान को शामिल करते हुए ज्ञान सिंह व प्रताप जाट के मकान को छोड़ कर वीर सिंह के मकान व डी.पी. को शामिल करते हुए बल्लू वाली गली व जीतू सैनी के मकान को छोड़कर संस्कृत स्कूल व शिवजी के मंदिर करके प्रारंभिक स्थान शाला तलाई पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 02 कहलायेगा ।	601
3	हरिमोहन पंडित के मकान से उत्तर की ओर खटीक मौहल्ले में होकर भरोसी खटीक व साफ़ सिंह के मकान को छोड़कर कल्ला जाट के मकान को शामिल करके व जालिम जाट के मकान को छोड़ते हुए बायीं तरफ मुड़कर नगर पालिका सीमा पहुँचते है एवम बायीं तरफ घूम कर नगरपालिका सीमा से खारे कुंए वाले रास्ते से सलाम खां के मकान को शामिल करके प्रारंभिक स्थान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 03 कहलायेगा ।	598
4	हरिमोहन पंडित के मकान के सामने से पूर्व दिशा की ओर चलकर कासिम मकान व तेली मस्जिद को शामिल करते हुए अम्बेडकर धर्मशाला व जमील के मकान को छोड़ते हुए बायीं तरफ उत्तर पूर्व की ओर मुड़कर अमीन की दुकान व ब्रहमानंद के मकान को छोड़कर लीलाधर के मकान को शामिल करके बायीं तरफ घूमकर नाई समाज का मंदिर व भारती स्कूल को शामिल करके कुबेर, शिव लहरी जाट, जालिम जाट के मकानात को छोड़कर साफसिंह जाट को शामिल करके बायीं तरफ घूमकर खटीक मौहल्ले से भरोसी खटीक के मकान को शामिल करके पानी टंकी वाले क्षेत्र को छोड़कर प्रारंभिक स्थान हरिमोहन पंडित के मकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 04 कहलायेगा ।	632

5	हरिमोहन पंडित के मकान से पश्चिम दिशा की ओर चलकर खारा कुंए वाला रास्ते से नगर पालिका सीमा पहुँच कर नगर पालिका सीमा से बायीं तरफ दक्षिण दिशा की ओर मुड़ते हुए आगे चलकर नगरपालिका सीमा से बायीं तरफ पूर्व दिशा की ओर मुड़कर आगे चलकर दद्दू रहमान व कासिम के मकान को छोड़कर अम्बेडकर धर्मशाला को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 05 कहलायेगा ।	618
6	आमीन की दुकान से पश्चिम की ओर तेली मस्जिद व कासिम के मकान को छोड़कर ज़मील मास्टर व दद्दू रहमान के मकान को शमिल करके बायीं तरफ पश्चिम की ओर मुड़कर रास्ते से नगर पालिका सीमा पहुँचते है नगर पालिका सीमा-सीमा आगे चलकर बायीं तरफ पूर्व की ओर मुड़कर अमज़द का व निसार का मकान को छोड़कर प्रारंभिक स्थान आमीन की दुकान तेली समाज की मस्जिद पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 06 कहलायेगा ।	682
7	तेली समाज मस्जिद से आमीन की दुकान को शामिल करके ज़मील मास्टर व अमज़द खां के मकान को छोड़कर बायीं तरफ पूर्व दिशा की ओर मुड़कर निसार के मकान को छोड़कर इमाम चौक पहुँच कर इमाम चौक से दायीं तरफ दक्षिण दिशा की ओर कैला मैया के मंदिर को शामिल करके पानी की छोटी टंकी को छोड़कर पुरानी बैंक वाली गली से मैंन रोड पर पहुंच कर मैंन रोड से बायीं तरफ मुड़कर पुलिस थाना व पंजाब नेशनल बैंक को शामिल करके कैलाश हलवाई की दुकान को शामिल करके बायीं तरफ मुड़कर मैंन बाजार में मोहित रेडीमेट को शामिल करके बसंत लाल किराना व उमेश वस्त्र भंडार को छोड़कर प्रकाश गारमेंट्स को शामिल करके बायीं तरफ मुड़कर पश्चिम दिशा की ओर ब्रहमानंद शर्मा के मकान को शामिल करके बायीं तरफ मुड़कर लीलाधर के मकान को छोड़ते हुए प्रारंभिक स्थान तेली मस्जिद आमीन की दुकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 07 कहलायेगा ।	554
8	मैंन वजीरपुर रोड पर सरकारी गोदाम से हिंडौन की तरफ चलते हुए जामा मस्जिद को शामिल करके बायीं तरफ घूमते हुए पुलिस चौकी व कैला मैया के मंदिर को छोड़कर पानी की टंकी को शामिल करके इमाम चौक से बायीं तरफ पश्चिम की ओर घूमकर आविद के मकान को छोड़कर निसार के मकान को शामिल करते हुए अमज़द का मकान व मस्जिद को छोड़कर हसमु कुरैशी के मकान को लेते हुए प्रारंभिक स्थान मैंन रोड सरकारी गोदाम पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 08 कहलायेगा ।	560

9	मैंन रोड से उत्तर की ओर पूर्व जुम्मा सरपंच व राशन की दुकान को शामिल करते हुए हसमु कुरैशी व निसार के मकान को छोड़कर अमज़द के मकान को शामिल कर बायीं तरफ पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर मस्जिद वाले क्षेत्र को शामिल करते हुए मुन्ना खां के मकान को छोड़ते हुए फारुक के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण दिशा की ओर आगे चलकर मैंन रोड पर चाँद खां के मकान को शामिल कर बायीं तरफ मुड़ते हुए मैंन रोड से प्रारंभिक स्थान जुम्मा सरपंच के मकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 09 कहलायेगा ।	661
10	मैंन रोड कब्रिस्तान के सामने से उत्तर - पश्चिम दिशा की ओर चलकर मुमताज खां के मकान को शामिल करके चाँद खां के मकान को छोड़ते हुए आगे चलकर मुन्ना खां के मकान को शामिल करके बायीं तरफ मुड़कर साबिर मिस्त्री, मुम्मू खां एवम अब्दुल खां और रफीक खां के मकान को शामिल करके नगर पालिका सीमा पहुँच कर बायीं तरफ मुड़ते हुए मैंन रोड पर पहुँच जाते है मैंन रोड से बायीं तरफ मुड़कर आ.रो.प्लांट को छोड़ते हुए रफीक, अमीन, नवीन एवम अफजल के मकान को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान मुमताज खां के मकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 10 कहलायेगा ।	556
11	मैन रोड से नगर पालिका सीमा में दक्षिण पूर्व की ओर चलते हुए पार्षद मोहम्मद साहीद के मकान को शामिल करते हुए बायीं तरफ पूर्व दिशा की ओर मुड़कर खाती पूरा रोड पर पहुँच जाते है खातीपुरा रोड से अफजाल उप सरपंच मुनीम खां व मदरसा को शामिल करते हुए अक्सा मस्जिद व वसीम के मकान को छोड़ते हुए मैंन रोड सरकारी गोदाम पर पहुँच जाते है मैंन रोड से बायीं तरफ मुड़कर मदरसा, कब्रिस्तान व आरो प्लांट को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान नगरपालिका सीमा पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 11 कहलायेगा ।	680
12	खाती पूरा रोड से पश्चिम दिशा की ओर उप सरपंच अफजल के मकान को छोड़कर आगे चलकर पार्षद मोहमद्द साहीद के मकान को छोड़कर नगरपालिका सीमा पर पहुँचते है नगरपालिका सीमा से सुल्तान पूरा ढाणी को शामिल करते हुए खातीपुरा ढाणी को छोड़ते हुए खातीपुरा रोड से पानी की टंकी को छोड़कर मुस्ताक का मकान, अनवर फेब्रिक व मोहम्मद वसीम के मकान को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 12 कहलायेगा ।	652
13	खातीपुरा रोड से वसीम का मकान व अक्सा मस्जिद को शामिल करते हुए और उपसरपंच अफजल के मकान को छोड़कर पानी की टंकी को शामिल करते हुए खातीपुरा ढाणी में से मीना मौहल्ला, माली मौहल्ला को शामिल करके खेड़ा वाले बालाजी को छोड़ते हुए गुलबी का पुरा रोड से इदा का मकान को शामिल करके कल्ली का मकान व पॉवर हाउस	640

	को छोड़कर प्रारंभिक स्थान खातीपुरा तिराहे वसीम का मकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 13 कहलायेगा ।	
14	खातीपुरा ढाणी में से बैरवा मौहल्ला को शामिल करते हुए नगरपालिका सीमा में पूर्व की ओर चलते हुए बाढ़ की ढाणी में से बैरवा बस्त्ती को शामिल करते हुए खेड़ा वाले हनुमान जी को छोड़ते हुए प्रारंभिक स्थान खातीपुरा ढाणी में पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 14 कहलायेगा ।	672
15	बाढ़ की ढाणी में से राजपूत मौहल्ला को शामिल करते हुए नगरपालिका सीमा में उत्तर दिशा की ओर चलकर बजरंग पूरा की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुए भोले का पूरा व गुलबी का पूरा को छोड़कर बाढ़ की ढाणी राजपूत मौहल्ले में पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 15 कहलायेगा ।	553
16	करौली-बजरंग पुरा रोड पॉवर हाउस तिराहे से दक्षिण दिशा की ओर चलकर कल्ली का मकान को छोड़कर बायीं तरफ दक्षिण पूर्व की ओर मुड़कर ईदा के मकान को छोड़कर खेड़ा के बालाजी, गुलबी का पूरा, भोले का पूरा व गंगे का पूरा को शामिल करके उत्तर-पूर्व की ओर मुड़कर बजरंगपुरा - करौली रोड से आगे बैरवा बस्ती को शामिल करते हुए महेश सराफ, मुकेश सरपंच व सरदू हलवाई के मकान को छोड़कर आर.के.क्लिनिक को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान पॉवर हाउस पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 16 कहलायेगा ।	560
17	करौली - बजरंग पूरा रोड पर सरदू हलवाई की दुकान से प्रारंभ होकर पूर्व दिशा की ओर मुकेश सरपंच, महेश सराफ के तरफ की बैरवा बस्ती को शामिल करते हुए आगे चलकर बजरंग पूरा रोड से बायीं तरफ उत्तर की दिशा की ओर मुड़ते हुए आगे चलकर बायीं तरफ पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर आगे चलते है कंचन बैरवा का मकान को शामिल करते हुए बाग़ वाला व मुनीम कॉलोनी को छोड़ते हुए प्रारंभिक स्थान करौली - बजरंग पूरा रोड सरदू हलवाई की दुकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 17 कहलायेगा ।	644
18	मैंन रोड सरकारी गोदाम के सामने दक्षिण - पूर्व खाती पुरा रोड पर चलकर कलाम, हफीज, बफाती के मकान व आरीफ की दुकान को शामिल करके वसीम का मकान व अक्सा मस्जिद को छोड़ते हुए कल्ली के मकान से बायीं तरफ उत्तर की ओर मुड़कर पॉवर हाउस सरकारी हॉस्पिटल को शामिल करते हुए राधा कृष्णा मंदिर को छोड़कर मैंन रोड से बायीं तरफ पश्चिम की ओर मुड़कर सरकारी व इमरान होटल को शामिल करते हुए पंजाब नेशनल बैंक व पुलिस चौकी को छोड़ते हुए प्रारंभिक स्थान सरकारी गोदाम पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 18 कहलायेगा ।	609

19	मैंन रोड जग्गा फ़ूड के सामने से करौली - बजरंग पूरा रोड पर चलकर सलाम फ्रूट्स की दुकान को शामिल करते हुए सरकारी हॉस्पिटल व पॉवर हाउस को छोड़ते हुए राधा कृष्ण मंदिर व मुनीम कॉलोनी को शामिल करते हुए अरमान ऑटो पार्ट्स से बायीं तरफ मुड़कर सरदू हलवाई व बैरवा बस्ती को छोड़कर बाग वाला क्षेत्र को शामिल करते हुए दायीं तरफ पूर्व की ओर मुड़कर कंचन बैरवा के मकान को छोड़कर बायीं उत्तर दिशा की ओर चलते है और गस्ती पूरा रोड पर पहुँच जाते है गस्ती पूरा रोड से बायीं तरफ पश्चिम की ओर मुड़कर पानी की टंकी व शिवजी के मंदिर को छोड़कर मैंन रोड पर पहुँच जाते है मैंन रोड से बायीं तरफ मुड़कर ऍम आई मोबाइल की दुकान को शामिल करते हुए महात्मा गाँधी स्कूल को शामिल करते हुए प्रारंभिक मैंन रोड जग्गा फ्रूट्स की दुकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 19 कहलायेगा ।	650
20	मैंन रोड तुलसी फोटोज के सामने से पूर्व दिशा की ओर सहकारी बैंक को शामिल करते हुए शिवजी के मंदिर व पानी की टंकी को लेते हुए बजरंग पुरा ढाणी को छोड़कर नगर पालिका सीमा से बायीं तरफ उत्तर की ओर मुड़कर नगर पालिका सीमा मैंन रोड पर पहुँचते है नगर पालिका सीमा मैंन रोड पर बायीं तरफ मुड़कर पेट्रोल पंप, गामा स्कूल व विजय हौंडा को शामिल करते हुए कन्या महाविधालय, नगर पालिका ऑफिस व पुलिस स्टेशन को छोड़कर बी.एम.बी. कॉलेज व आशा मोटर्स को लेते हुए रॉयल हॉस्पिटल व जलदाय ऑफिस को लेते हुए प्रारंभिक स्थान तुलसी फोटोज पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 20 कहलायेगा ।	642
21	मैंन रोड जग्गा फ्रूट्स से उत्तर - पूर्व की ओर चलकर महात्मा गाँधी स्कूल को छोड़कर पल्ली घडी की दुकान से बायीं तरफ मुड़कर शिव मिष्ठान को छोड़कर बाजार वाली गली से श्री राम ज्वैलर्स व पुरानी बैंक वाली गली को शामिल करते हुए धनजी का मकान, एन.आर.आई. कटला व हीरामन बाबा के मंदिर को छोड़ते हुए जयशंकर की चक्की व गोपाल जी के मंदिर को शामिल करते हुए भंवर सिंह माली के मकान से बायीं दक्षिण दिशा की ओर मुड़कर सुरेश जैन व अम्का के मकान को शामिल करते हुए श्याम नाई, नाई समाज मंदिर, लीला धर व ब्रहमानंद के मकान को छोड़ते हुए जीतेन्द्र स्टोर व उमेश वस्त्र भंडार को शामिल करते हुए बसंता लाल व जग्गा फ़ूड सेंटर को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 21 कहलायेगा ।	574

22	मैंन रोड शिव मिष्ठान से उत्तर - पूर्व की ओर चलकर तुलसी फोटोज को शामिल करके बायीं तरफ मुड़कर रूपसिंह प्रजापत व रामसिंह प्रजापत के मकान को शामिल करते हुए उमेश बी.एल.ओ. / विजय कंडेरा एवम ठाकुर जी के मंदिर को छोड़ते हुए एम्.पी.जैन.स्कूल शामिल करके बायीं तरफ मुड़कर एम्.पी.जैन वाली गली से कोली पाड़ा धनजी के मकान को शामिल करके एन.आर.आई.कटला एवम श्री राम ज्वैलर्स को छोड़ते हुए प्रारंभिक स्थान पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 22 कहलायेगा ।	575
23	बाजार वाली से एन.आर.आई.कटला को शामिल करते हुए उत्तर दिशा की ओर धनजी के मकान व एम्.पी.जैन स्कूल को छोड़कर रामसिंह प्रजापत के मकान को लेते हुए बायीं तरफ मुड़कर डी.पी. , मानसिंह जाट एवम पदम सिंह अध्यक्ष के मकान को शामिल करके बायीं तरफ मुड़कर ओमप्रकाश जाट, उप प्रधान पुष्कर एवम जगदीश जाट के मकान को छोड़ते हुए बायीं तरफ मुड़कर अमर सिंह जाट, भगत जी की दुकान एवम हीरामन बाबा के मंदिर को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान एन.आर.आई.कटला पर पहुँच जाता है यह वार्ड नम्बर 23 कहलायेगा ।	562
24	मैंन रोड तुलसी फोटोज के सामने से हिंडौन की ओर चलते हुए पंचायत भवन, आशा मोटर्स, को छोड़ते हुए बीकानेरी स्वीट्स व जलदाय विभाग के ऑफिस को छोड़कर विजय हौंडा, गामा स्कूल को छोड़कर पुलिस थाना एवम नगर पालिका ऑफिस को शामिल करते हुए मैंन रोड नगर पालिका सीमा पर पहुँच कर बायीं तरफ मुड़कर आगे चलते हुए महाविधालय को शामिल करते हुए मथुरा लाल जाट व अशोक जाट के मकान को छोड़ कर आर.ओ.प्लांट व पशु हॉस्पिटल को शामिल करते हुए रतन माली के मकान को छोड़ते हुए और ओमप्रकाश जाट के मकान को शामिल करके बायीं तरफ मुड़ते हुए रामसिंह प्रजापत व एम.पी.जैन स्कूल को छोड़ते हुए विजय कंडेरा एवम उमेश जी बी.एल.ओ. के मकान को शामिल करते हुए प्रारंभिक स्थान मैंन रोड तुलसी फोटोज पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 24 कहलायेगा ।	679
25	श्री जाट के मकान के सामने से पूर्व दिशा की ओर चलते हुए भरोसी खटीक के मकान को शामिल करके बायीं तरफ मुड़ते हुए अमर सिंह जाट एवम हनुमान मंदिर को छोड़कर उप प्रधान पुष्कर व रतन माली के मकान को शामिल करते हुए पशु हॉस्पिटल व आ.रो. प्लांट को छोड़कर ओमप्रकाश जाट व मथुरा लाल जाट के मकान को शामिल करते हुए नगर पालिका सीमा में पहुँच कर बायीं तरफ मुड़ते हुए आगे चलकर फिर से बायीं ओर मुड़कर गोपाल सैनी व भरोसी का मकान को शामिल करके बायीं तरफ मुड़ते हुए भगत सिंह जाट व जगदीश के	649

	मकान को छोड़कर प्रारंभिक स्थान श्री जाट के मकान पर पहुँच जाते है यह वार्ड नम्बर 25 कहलायेगा ।	

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।